यूटीयू में दो दिवसीय एथलेटिक्स और टैक्नो कल्चरल फेस्टिवल का आगाज

पॉजीटिव एनर्जी के लिए खेल जरूरी: डीजीपी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट एवं टैक्नो कलचरल फेस्टिवल का शानदार आगाज हो गया है। पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया।

सोमवार को यूटीयू परिसर में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने एथलेटिक्स मीट का शुभांरभ किया। बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी ने कहा कि खेलों से युवाओं को पाजीटिव एनर्जी मिलती है,जिससे युवाओं को भटकाव के मार्ग पर जाने से रोका जा सकता है। इसलिए विवि के हर बच्चे को कम से कम एक खेल में जरूर सहभागिता करनी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि देश को सुपर पावर बनाने के लिए पहले खेलों में सुपर पावर बनना होगा।

उन्होंने विवि में पहली बार एथलेक्सि मीट के आयोजन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इससे अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे। पहले दिन विवि के संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने दौड़, रिले रेस, लांग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक भाला फेंक, डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो में दमखम दिखाया।

लोक संस्कृति की छटा बिखरेती छात्राएं।

शाम के सत्र में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल कल्चरल फेस्ट का उद्घाटन किया।

बतौर मुख्य अतिथि प्रो.डंगवाल ने अपनी लोक संस्कृति व परम्पराओं के संरक्षण पर

■ छात्र-छात्राओं ने बिखेरे विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति के रंग

जोर दिया। फेस्टिवल में छात्र-छात्राओं ने लोक गीत व संगीत के जरिये विभिन्न राज्यों की छटा बिखेर कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की थीम के अनुरूप अपनी कला व संस्कृति के प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। फेस्टिवाल में हर्षवर्धन को मिस्टर यूटीयू व प्रिया तिवाड़ी को मिस यूटीयू के खिताब से नवाजा गया।

इस मौके पर कुलपति प्रो.ओंकार सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा.वीके पटेल, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरपीएस गंगवारल शिवालिक कालेज के निदेशक डा.प्रहलाद सिंह, बिरला इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर बीके सिंह समेत विभिन्न संस्थानों के अधिकारी मौजूद थे।